तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 19 मई 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 नेशनल हाईवे में तीन टोलनाका नागरिकों ...



12 कौड़िया परिक्षेत्र के निर्विरोध अध्यक्ष बने ...



## खबर संक्षेप

### अधेड़ ने मकान में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महासमुंद।** सरायपाली में किराए के मकान में रह रहे 52 वर्षीय अधेड़ ने आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शाम करीब 6 बजे रामभरोसा बघेल पिता प्रभाकर बघेल 52 साल निवासी वार्ड नं. 03 बांधापारा विरेन्द्र नगर सरायपाली ने अज्ञात कारण से अपने कमरे में लगे पंखे पर लूंगी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्यवाही विवेचना में लिया है।

### सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम की चोरी

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम धौराभांठा कोसमर्रा से सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम को किसी अज्ञात शक्स ने चोरी करने की घटना को अंजाम दिया है। प्राथी उमेन्द्र साहू पिता धनसिंह साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराया है कि घर अंदर प्रवेश कर रखे सोने चांदी के जेवर जुमला किमती 77 हजार रुपए एवं नगदी रकम 10 हजार कुल जुमला किमती 87 हजार रुपए को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया है। पुलिस ने शिकायत पर से अज्ञात चोर पर धारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बाइक से महिला को मारी ठोकर, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** बागबाहरा के बस स्टैंण्ड के पास महिला को बाइक चालक ने ठोकर मार देने पर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली सुचना के अनुशार मो.सा. क्र. सीजी-04 जेएफ -4698 चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से आकर अमरोतिन बाई नेताम को ठोकर मारकर एक्सींडेण्ट कर दिया की रिपोर्ट पर से अपराध कायम कर कार्यवाही विवेचना में लिया गया है।

### बगीचा में लगाई फांसी

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम लभराखुर्द के पास आम बगीचा में अज्ञात महिला ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना गंगाराम कुर्रे ने पुलिस को दी। महिला की उम्र करीब 45 से 55 साल बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मामले की मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# पिता को सबक सिखाने दिया अपहरण की घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- पुलिस ने कुछ ही घंटों में अपहृत मासूम को परिजनों को सौंपा, आरोपियों में नाबालिग शामिल

जिले के पिथौरा क्षेत्र के ग्राम गोड़बहाल में हुए अपहरण के मामले में पुलिस ने 2 घंटे के भीतर ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। आरोपियों ने बालक के पिता को सबक सिखाने के उद्देश्य से घटना को अंजाम दिए जाने की बात स्वीकारी है। घटना में आरोपियों तक पहुंचने में गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपियों का लोकशन ट्रैस किया और आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए मासूम को कुछ ही घंटों में सलामत परिजनों को सौंपा।

अपहरण के इस मामले का खुलासा करते हुए एएसपी प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि 17 मई को गोड़बहाल पिथौरा निवासी धनसिंग यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पांच वर्ष के बालक तनिष्क यादव को दोपहर 1 बजे घर के बाहर गली से दो अज्ञात व्यक्तियों ने 20 रुपए का लालच देकर बाइक में बिठाकर ले गए। पुलिस ने मामले में अपहर्ताओं की तलाश के लिए टीम गठित की और जिले के सभी थाना क्षेत्रों में नाकेबंदी की। इधर, घटना के संबंध में गांव में लगे सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान हुई और अलग-अलग सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की लोकेशन को ट्रैस किया और सोशल मीडिया पर आरोपियों की फोटो शेयर की। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि झलप के ग्राम कछहारडीह में दोनों आरोपी बच्चे के साथ मौजूद हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को धरदबोचा और उनके पास से बच्चे को बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नयापारा कला थाना पिथौरा चित्रकांत यादव (23) बताया वहीं दूसरा नाबालिग होना पाया गया।



### पिता को सबक सिखाने किया था अपहरण

आरोपी चित्रकांत ने पुलिस को बताया कि वह बैंड बजाता है और अक्सर गोड़बहाल जाया करता था। करीब एक साल पहले वह धनसिंह यादव के पुत्र तनिष्क से बात कर रहा था उसी दौरान धनसिंग ने विवाद किया। इसी बात की रंजिश रखते हुए धनसिंग को सबक सिखाने के उद्देश्य से वह मौके की तलाश कर रहा था। शुक्रवार को वह अपने एक रश्तिेदार से बाइक क्रमांक सीजी 06 जीवी 8473 मांगी और गोड़बहाल पहुंच गया। उसने देखा कि धनसिंग यादव का बच्चा गली में खेल रहा है। आरोपी ने तनिष्क को फ्रूटी पिलाने का लालच देकर 20 रुपए दिया और अपने साथ बाइक में बैठाकर ले गया।

### सरपंच की जागरुकता ने बचाई बच्चे की जान

एएसपी श्रीमती पाण्डेय ने बताया कि बच्चे को सही सलामत पाए जाने के पीछे गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कुछ साल पहले सरपंच सादराम पटेल ने लोगों को जागरूक किया और गांव में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। कैमरे की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। आरोपियों के पकड़े जाने के बाद पुलिस ने उनसे एक चाकू भी बरामद किया। जिससे अंदाज लगाया जा सकता है कि आरोपी बच्चे के साथ कुछ भी कर सकते थे।

**कार्रवाई :** बसना के एक लॉज में 6 माह पूर्व गैंगरेप का मामला

# सामूहिक दुष्कर्म मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार, 1 फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के बसना स्थित एक लॉज में तकरीबन 6 माह पूर्व हुए गैंगरेप के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है वहीं मामले में तीसरा आरोपी अब तक फरार है। एएसपी प्रतिभा पांडे ने आरोपियों के गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए उन्होनें बताया कि बसना के गौरिक लॉज में महिला के साथ 3 लोगों ने जबरदस्ती कर दुष्कर्म किया है। महिला के रिपोर्ट पर तत्काल पुलिस ने धारा 376(डी) और 506 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई।

बसना थाना से मिली जानकारी के अनुसार पूरा घटनाक्रम 28 दिसंबर 2023 की दोपहर 2 बजे का है। महिला के बयान के अनुसार महिला का पथरी का ईलाज रसोड़ा के अस्पताल में चल रहा था। वारदात के दिन सुबह उसे पथरी का दर्द उठा था। महिला का पति बीमार होने के कारण उसे अस्पताल नहीं ले जा पाया। जिसपर उसके पति ने अपने गांव के ही मित्र लक्ष्मीधर साहू पिता निरंजन साहू उम्र 40 वर्ष को महिला का अस्पताल से चेकअप कराकर लाने को कहा। जिसपर आरोपी लक्ष्मीधर तैयार हो गया और उसे बाइक से लेकर बसना पहुंचा। अस्पताल में इलाज के बाद पिरदा पेट्रोल पंप के पास गाड़ी खड़ाकर गाड़ी खराब होने की बात कही और अपने दूसरे साथी प्रीतम नायक पिता कोमल नायक उम्र 41 वर्ष को मौके पर बुलाया। मौके पर कार से पहुंचा दूसरे आरोपी ने बसना में कुछ निजी काम की बात कही। जिस पर आरोपी लक्ष्मीधर साहू ने महिला को काम खत्म होने तक लॉज में रूककर इंतजार करने के लिए मना लिया। और उसे लॉज लेकर पहुंचा। इस दौरान आरोपी ने अपने नाम से लॉज में कमरा लिया। कुछ देर बाद आरोपी का अन्य साथी भी लॉज पहुंच गया और तीनों ने महिला के साथ दबाव बनाते हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपियों ने महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए, घटना की जानकारी किसी को नहीं देने की बात की। जिस पर डरकर महिला लोक-लाज के डर से चुप रह गई। लेकिन एक बार फिर आरोपियों के हौसले इतने बुलंद थे कि, 3 मई को महिला के ऊपर दोबारा मिलने का दबाव बनाने लगे। जिस पर महिला ने अपनी पूरी आप बीती अपने पति को बताई। महिला के पति ने सामाजिक बैठक कर मामले में फिर एफआईआर दर्ज कराने की ठानी। और 15 मई को थाना पहुंचकर तीनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया।




**जान से मारने की धमकी देकर महिला को कराया चुप, दोबारा दुष्कर्म के लिए दबाव बनाने पर 5 माह बाद दर्ज हुआ था मामला**

सत्ता पक्ष पर आरोपियों को बचाने का लग रहा है आरोप

# जाड़ामुड़ा मामले में 2 माह बाद भी गिरफ्तारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- आरोपियों को हाई कोर्ट से भी नहीं मिली जमानत

जिले के चर्चित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जाड़ामुड़ा के प्रबंधक, आपरेटर एवं किसानों पर धोखाधड़ी कर शासन को लाखों रूपये का चूना लगाए जाने के मामला में लगभग 2 माह बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों तक नही पहुंच पाई है। इधर, आरोपी स्वयं को बचाने के लिए अलग-अलग हथकंडे अपना रहे हैं वहीं सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों के साथ तस्वीर खींचाकर शासन प्रशासन पर अप्रत्यक्ष दबाव बनाए जाने की भी कोशिश की जा रही है।

मामले को लेकर आगजन की मानें तो मजबूर, असहाय और गरीब लोगों पर हुए मामलों में पुलिस की तत्परता नजर आती है वहीं रसूखदार लोगों के मामले में पुलिस शिथिलता बरत रही है। आरोपियों का सीएम के साथ वाली तस्वीर सोशल मीडिया में तेजी से वायरल होने के कारण शासन की छवि धूमिल हो रही है। बता दें कि समिति प्रबंधक उमेश कुमार भोई मामले में हाई कोर्ट से जमानत याचिका पहले ही ख़ारिज हो चुकी है। किसानों का रकबा बढ़ाने, किसानों द्वारा बेचे धान को उनके खाते में जमा न कर गबन करने के मामले में आरोपियों को पकड़ने पुलिस विभाग द्वारा किसी प्रकार से कड़े कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिससे लोगों के मन मे बहुत सारे सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का मानना है कि इस हाईप्रोफाइल मामले को दबाने की कोशीश की जा रही है। सत्ता पक्ष से मिल रहे संरक्षण एवं पुलिस विभाग की उदासीनता के चलते आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। आमजनों में इस मामले में सवाल सामने आ रहे हैं कि क्या पुलिस कोई कार्यवाही कर पायेगी? क्या आरोपी पकड़े जाएंगे? क्या पुलिस धोखाधड़ी और गबन मामले सुलझा पाएगी? या फिर आरोपी फिर से फिर से नियुक्त हो कर किसी बड़े घोटाले को अंजाम देंगे? पिछले दिनों जिन किसानों के खिलाफ एफआईआर हुआ है। उनमें से कई फर्जीवाड़े को अंजाम देने वाले असली गुनाहगार हैं। जिन्हें जेल की सलाखों के पीछे जाना जरूरी है। जानकारी के अनुसार जाड़ामुड़ा का एक चर्चित परिवार सहकारी समिति से जुड़कर किसानों को कर्ज के दलदल में धकेल कर पूरी तरह से बर्बाद करने में आमादा है। किसानों के पैसे से आलीशान भवन बनाकर किसानों को ही चिढ़ाने के लिए धार्मिक सामाजिक आयोजनों में पानी की तरह पैसे बहाए जा रहे हैं।

### अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अलग-अलग जगहों से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में बसना पुलिस ने ग्राम जबलपुर के घर बाड़ी में रखे अवैध 3 हजार एम एल महुआ शराब कीमती 600 रूपए के साथ सोनु सिदार पिता धनसाय 19 साल को पकड़ा है। वहीं दूसरे मामले में कोतवाली पुलिस ने अपने दुकान में कल्याणी मारकंण्डे पति सत्यनारायण मारकंण्डे 33 साल ग्राम मचेवा निवासी को शराब बिक्री करने वास्ते रखे 12 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1080 रुपए एवं बिक्री रकम 210 रूपए को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों पर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट से अपराध कायम कर कार्रवाई की है।



### गांजे तस्करी में लिप्त महिला गिरफ्तार

**महासमुंद।** गांजा तस्करी के मामले में सरायपाली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गांजा तस्करों में महिला भी शामिल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर बस स्टैंड सरायपाली कृष्णा सेलून के पास पहुंचकर बताए हुलिए के व्यक्तियों व महिला को घेराबंदी कर पकड़ा। नाम-पता पूछने पर अपना नाम बैतारी निवासी नवीन तांडी (34), हिवरे तरफे थाना नारायणगांव जिला पुणे (महाराष्ट्र) निवासी आकाश सिंदे (23), बगईजोर निवासी मंजू चौहान (36) बताया। इनके पास से तलाशी में एक बैग से 2 किलो गांजा मिला। जिसे पुलिस द्वारा जब्त कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया उन्होनें गांजा ओड़ीशा से लाया है और बिक्री के लिए ले जा रहे थे।

# सर्व ब्राह्मण समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

## भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर सर्व ब्राह्मण समाज का आयोजन, जगह-जगह हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भगवान परशुराम के प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा निर्धारित समय में परशुराम मार्ग स्थित ब्रह्म निवास से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सिटी स्पोर्ट्स क्लब पहुंची। इस दौरान शहर में विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। समापन पश्चात भगवान परशुराम पूजन, प्रसाद वितरण व सामूहिक भोज का आयोजन हुआ। शोभा यात्रा के दौरान विप्रजन पारम्परिक वेशभूषा में नजर आए।

**भगवान परशुराम की शोभायात्रा का फूलमाला से किया गया स्वागत**



**महासमुंद।** शहर के नेहरू चौक में भाजपाजनों ने शोभायात्रा का फूलमाला भेंटकर किया गया। इस दौरान पार्षद महेंद्र जैन, भाजपा नेता अशवंत तुषार साहू, विक्की गुरुदत्ता, भरत खत्री, ललितांग गोलच्छा, योगेश सोनी मौजूद रहे।

# चालक को झपकी आने से पेड़ से टकराई गाड़ी, चालक मृत

**महासमुंद।** शहर के समीपस्थ ग्राम बेलसोंडा स्थित तालाब के पास शुक्रवार अलसुबह हुई घटाना में चालक की मौत हो गई। बताया जा रहा है घटना उस समय हुई जब चालक खरियार रोड से कच्चा आम लादकर भिलाई के लिए निकला। इस दौरान जब वह बेलसोंडा स्थित तालाब के पास पहुंचा तो उसे झपकी आ गई और वाहन अनियंत्रित होकर तालाब के किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भयानक थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो ड्राइवर की मौत मौके पर ही हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जरबाय भिलाई नगर निवासी चालक शिवकुमार साहू (23) खरियार रोड से कच्चा आम लादकर पिकअप क्रमांक सीजी 07 सी आर 8059 से भिलाई के लिए निकला। बेलसोंडा के पास वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से वाहन चालक स्टेयरिंग में बुरी तरह फंस गया और उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह ग्रामीणों को हुई बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने जेसीबी की मदद से शव को बाहर निकाला और पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा।



पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

आवश्यकता है

हरिभूमि
छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र में टीम लीडर एवं प्रसार सहायक की आवश्यकता है। जिसका हेड क्वाटर बलौदाबाजार शहर होगा। कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर जिला रहेगा।

पद : टीम लीडर - 1 पद
योग्यता : स्नातक, उम्र- 25-30 वर्ष
वेतन 12,000 + 2000

पद : प्रसार सहायक - 5 पद
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक, उम्र- 20-30 वर्ष
वेतन 10,000 + 2000

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ दिनांक 20 मई से 25 मई 2024 तक निम्न ईमेल आईडी एवं व्हाटसअप नम्बर पर तुरंत संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
8370049468
Email id: cir.haribhoomi@gmail.com

# बिना अनुमति एक माह गैरहाजिर रहने वाले सरकारी कर्मियों की होगी डीई, हो सकते हैं नौकरी से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब सरकार ने ऐसे अधिकारियों कर्मचारियों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है जो बिना अनुमति अवकाश पर चले जाते हैं। अब ऐसे कर्मी अगर एक महीने या उससे अधिक की अवधि के लिए गैर हाजिर रहते हैं, तो उनके खिलाफ विभागीय जांच की जाएगी। अगर दोषी पाए गए तो उन्हें नौकरी से बाहर किया जा सकता है। इस संबंध में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शासकीय सेवकों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने संबंधी निर्देश में कहा गया है कि मूलभूत नियम-18 एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-7 के प्रावधानों के तहत अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में तत्काल कार्यवाही की जानी चाहिए। यह भी स्पष्ट किया गया है कि ऐसे शासकीय सेवक, जो अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते हैं, को विभागीय जांच के दौरान निलंबन में रखना आवश्यक नहीं है, क्योंकि, ऐसा करने से वे निलंबन भत्ते आदि की मांग करते हैं।

**सरकार के सामान्य प्रशासन ने जारी किया आदेश**

**विभागीय जांच छह माह में पूरी करने के निर्देश**



## एक माह से अधिक गायब रहे तो जाएगी नौकरी

*सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा है कि शासकीय सेवक एक माह या उससे अधिक अवधि के लिए अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते हैं, उनकी ऐसी अनाधिकृत अनुपस्थिति की अवधि को नियम 27 पेंशन नियम, 1976, सहपठित मूलभूत नियम 17-एक के अधीन सभी उद्देश्यों के लिए सेवा-व्यवधान माना जाए। ऐसे सेवकों को किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाए। साथ ही, ऐसे शासकीय सेवकों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत दीर्घशास्ति के लिए विभागीय जांच संस्थित की जाए। यह विभागीय जांच का निराकरण अधिकतम 6 माह की समयावधि में होनी चाहिए। आरोप सिद्ध होने पर सेवा से हटाने अथवा सेवा से पदच्युत करने की शास्ति दी जाए।*

## तो माना जाएगा सेवा में व्यवधान

सरकार के आदेश में कहा गया है कि एक माह से अधिक अवधि तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले शासकीय सेवकों को उनके अवकाश काल के दौरान के पते एवं अंतिम ज्ञात पते दोनों पर ही इस आशय का सूचना-पत्र भेजा जाना चाहिए कि वह 15 दिवस में कारण बताएं कि क्यों न उनकी उक्त अनाधिकृत अनुपस्थिति को सेवा में व्यवधान मानते हुए, पेंशन, उपादान आदि समस्त उद्देश्यों के लिए उनकी सेवा पुस्तिका में इंद्राज किया जाए। सेवा में व्यवधान को समस्त प्रयोजन, जिनमें पेंशन संबंधी लाभ भी शामिल है, के लिए उनकी तब तक की, की गई शासकीय सेवा का हरण माना जाएगा। इसी आदेश में ये भी कहा गया है कि वित्त विभाग ने पूर्व में जारी आदेश में कहा है कि अगर कोई शासकीय सेवक तीन साल से अधिक अवधि से अनुपस्थित है तो उसे नौकरी से बाहर किया जाए। विभागाध्यक्षों से कहा गया है कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों व कर्मियों को इस आदेश से अवगत कराएं। अगर निर्देश का पालन नहीं किया गया तो कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी होगी। जो कर्मी 31 मई 2024 से पहले अपने कार्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं, उनके संबंध में समीक्षा कर ली जाए।

## खबर संक्षेप

### रायपुर-जगदलपुर के लिए यात्री कम, उड़ान स्थगित

**रायपुर।** रायपुर-जगदलपुर के बीच संचालित होने वाली उड़ानों को पर्याप्त संख्या में यात्री नहीं मिल रहे हैं। इसकी वजह से यहां संचालित अलायंस एयर ने अपनी फ्लाइट को 31 मई तक स्थगित कर दिया है। इस फ्लाइट की उड़ान सप्ताह में चार दिन होती थी। इस सेक्टर में इंडिगो भी सप्ताह में चार दिन अपनी फ्लाइट संचालित करती है। इसी तरह केवल रायपुर से दिल्ली के बीच उड़ान का संचालन करने वाली विस्तारा कंपनी अलग-अलग दिन के हिसाब से अपनी फ्लाइट को सुबह और शाम के शेड्यूल में संचालित कर रही है। कंपनी की फ्लाइट मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को शाम के शेड्यूल तथा शेष दिनों में सुबह के शेड्यूल में आवाजाही कर रही है।

### स्वच्छता दीदी को भी मिले अवकाश, डिप्टी सीएम से मांग

**रायपुर।** स्वच्छता दीदियों को एक दिन का साप्ताहिक अवकाश प्रदान करने के संबंध में उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ रवि गढ़पाले का कहना है कि छत्तीसगढ़ के संपूर्ण नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायतों में स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन एवं स्वच्छता कार्य किया जाता है। विभाग द्वारा इनसे बिना छुट्टी के पूरे 365 दिन कार्य लिया जाता है। इनके लिए किसी भी प्रकार का छुट्टी का कोई प्रावधान नहीं रहता है।

### शव रखने डीप फ्रीजर की डिमांड

**रायपुर।** जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित होने वाली मरच्यूरी में शव रखने डीप फ्रीजर की डिमांड की गई है। खुले में शव रखने से उसके खराब होने की आशंका रहती है और कई बार संवेदनशील मामलों में शवों को लंबे समय तक सुरक्षित रखना जरूरी होता है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। पिछले दिनों कलेक्टर ने पोस्टमार्टम के संबंध में बैठक लेकर व्यवस्था बनाने और ऑनलाइन मॉनिटरिंग के निर्देश दिए थे। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अफसर इसे लेकर गंभीर हो गए हैं। रायपुर जिले में एम्स, आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल, धरसींवा, अभनपुर, खरोरा, आरंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टमार्टम के लिए मरच्यूरी की सुविधा दी जाती है।

## पोस्टल बैलेट मतों की गिनती के लिए कुल 10 टेबल लगेंगे हाल में

# मतों की गणना 4 जून को, प्रत्येक विधानसभा हाल में लगेंगे 14 टेबल एवं 60 कर्मचारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के सेजबहार शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मतगणना को अभी जरूर 18 दिन बचे हैं, लेकिन मतगणना स्थल के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। मतगणना के पहले कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में भी सेजबहार में जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में पड़े वोटों की गिनती होगी। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा हाल में 14-14 टेबल लगाए जाएंगे, जिसमें मतों की गिनती के लिए लगभग 60 कर्मचारी तैनात रहेंगे। पोस्टल बैलेट मतों की गिनती इस बार एक हाल में होगी, जिसमें कुल 10 टेबल लगाए जाएंगे। इनकी गिनती के लिए भी लगभग 60 कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने बताया कि सेजबहार मतगणना स्थल में प्रत्येक विधानसभा हाल में मतों की गिनती के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे। प्रत्येक टेबल पर 3-3 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें सुपरवाइजर एवं दो सहायक कर्मचारी शामिल रहेंगे। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा हाल में रिटर्निंग ऑफिसर भी मौजूद रहेंगे। पोस्टल बैलेट की गिनती हाल में की जाएगी, जिसमें कुल 10 टेबल लगाए जाएंगे। एक टेबल में 4-4 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें सहायक रिटर्निंग अधिकारी, दो सहायक कर्मचारी एवं एक माइक्रो कर्मी मौजूद रहेगा।

**ईवीएम मतों की गणना के लिए एक टेबल पर 3 एवं पोस्टल बैलेट के लिए 4 कर्मचारी रहेंगे तैनात**



### बलौदाबाजार-भाटापारा विधानसभा मतों की मतगणना बलौदाबाजार में

*रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा विधानसभा के मतों की गणना कृषि उपमंडी बलौदाबाजार मतगणना स्थल में होगा। इसके लिए भी अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। विदित हो कि रायपुर लोकसभा सीट के लिए इस बार 38 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा है। इन सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला पोस्टल बैलेट के बंद लिफाफों और ईवीएम मशीनों में बंद है जो मतगणना के दिन खुलेंगे। चुनाव में इस बार कुल 66.18 प्रतिशत वोटिंग हुई है।*

### सुरक्षा का रहेगा पुख्ता इंतजाम, वेबकास्टिंग से भी निगरानी

मतगणना स्थल पर पुख्ता इंतजाम रहेंगे। तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना होगी। केंद्रीय सुरक्षा बल और जिला पुलिस बल सहित एक हजार से ज्यादा जवानों की निगरानी में मतगणना होगी। इसके अलावा वेबकास्टिंग के जरिए भी मतगणना स्थल की निगरानी की जाएगी।

### रिजर्व सहित 600 अधिकारी कर्मचारी रहेंगे मौजूद

सेजबहार में होने वाले मतगणना में कुल 600 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इनमें 480 अधिकारी-कर्मचारी पोस्टल बैलेट एवं ईवीएम मतों की गणना करेंगे, वहीं 120 कर्मचारियों को रिजर्व में रखा गया है। ये सभी कर्मचारी भी मतगणना स्थल पर मौजूद रहेंगे, ताकि मतगणना के दौरान किसी कर्मचारी की तबीयत बिगड़ने या अन्य परिस्थिति उत्पन्न होने पर उनकी ड्यूटी लगाई जा सके।

### पोस्टल बैलेट मतों की गिनती से होगी शुरुआत

मतगणना की शुरुआत पोस्टल बैलेट के मतों की गिनती से होगी। सुबह 8 बजे पोस्टल बैलेट मतों की गिनती शुरू की जाएगी। गिनती के बाद रिटर्निंग ऑफिसर इसके परिणाम घोषित करेंगे। इसके खत्म होने के आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीनों की गिनती शुरू की जाएगी।

### तीन बार होगा रेंडमाईजेशन

मतगणना दल की नियुक्ति तीन बार रेंडमाईजेशन के बाद किया जाएगा। पहला रेंडमाईजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में होगा। दूसरा व तीसरा रेंडमाईजेशन ऑब्जर्वर की मौजूदगी में किया जाएगा।

## कांग्रेस से भाजपा में आए नेताओं को सैलजा के खिलाफ सिरसा में प्रचार में झोंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के भाजपा नेता लगातार अब दूसरे राज्यों में प्रचार करने जा रहे हैं। ऐसे में भाजपा ने एक अलग तरह की रणनीति भी बनाने का काम किया है। कांग्रेस से भाजपा में आए 11 नेताओं को भाजपा संगठन ने कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी रहीं कुमारी सैलजा के खिलाफ प्रचार करने के लिए सिरसा भेजा है। भाजपा नेताओं का कहना है, हमारा काम कांग्रेस की पोल खोलना और भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर को जीत दिलाना है। कांग्रेस और उसकी प्रत्याशी ने छत्तीसगढ़ में किस तरह से झूठ बोलने का काम किया है, उसको सिरसा की जनता को बताने का काम करेंगे।

- **11 नेता पहुंचे सिरसा कहा- कांग्रेस और उसके प्रत्याशी की खोलेंगे पोल और खिलाएंगे कमल**

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद यहां पर लगातार कांग्रेस के नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित भाजपा नेता दावा करते हैं कि 20 हजार से ज्यादा कांग्रेस सहित दूसरी पार्टियों के नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। अब भाजपा ने कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए नेताओं को कांग्रेस के खिलाफ ही हथियार बनाकर इस्तेमाल करने की बड़ी रणनीति बनाई है।

### बताएंगे कांग्रेस का झूठ

राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश भाजपा संगठन ने कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए 11 नेताओं शिशुपाल सोरी, प्रमोद शर्मा, चौलेश्वर चंद्राकर, चंद्रशेखर शुक्ला, अरुण सिंह, आलोक पांडेय, उषा पटेल, वाणी राव, अजय बंसल, अनिता रावटे, तुलसी साहू को शुक्रवार को रायपुर से सिरसा भेजा है। इन नेताओं में शामिल चंद्रशेखर शुक्ला ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा, भाजपा संगठन ने हमें जो काम सौंपा है, हम सब उनको ईमानदारी से करेंगे। हम लोग यहां पर कांग्रेस और उसकी प्रत्याशी की पोल खोलेंगे और यहां की जनता को बताएंगे कि किस तरह से कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में झूठ बोलकर वहां की जनता को ठगने का काम किया है। कांग्रेस का काम ही यही है। कांग्रेस की प्रत्याशी की भी पोल खोलने का हम लोग काम करेंगे। हमारा काम भाजपा के प्रत्याशी को जीत दिलाने का है और वो काम हम करेंगे। हम लोग यहां पर प्रचार थमने तक रहेंगे और भाजपा के प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करेंगे।

# पता लगाएंगे कलेक्टर- गरीब बच्चे क्यों छोड़ रहे महंगे स्कूल? प्रबंधन के व्यवहार की भी होगी जांच

**आरटीई के अंतर्गत निजी स्कूलों में दाखिला लेने वाले गरीब बच्चे छोड़ रहे हैं पढ़ाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खास खबर**

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी जिला कलेक्टर को खत लिखकर उन बच्चों की पड़ताल करने कहा गया है, जो आरटीई के अंतर्गत महंगे निजी स्कूलों में दाखिला प्राप्त करने के बाद पढ़ाई छोड़ रहे हैं। जारी दिशा-निर्देश में कहा गया है कि उनके जिले में संचालित सभी प्राचार्य अथवा शाला प्रबंधक की बैठक 10 दिनों के भीतर बुलाई जाए।

इसमें यह समीक्षा की जाएगी कि निजी स्कूलों में प्रारंभिक कक्षाओं में कितने छात्रों ने प्रवेश लिया था तथा उनमें से कितने बच्चों ने पढ़ाई छोड़ दी है। इसके अलावा आरटीई संबंधित अन्य बिंदुओं को गंभीरतापूर्वक लागू करने कहा गया है। गरीब छात्रों द्वारा महंगे निजी स्कूलों में पढ़ाई नियमित रूप से जारी नहीं रखे जाने के कारणों का भी पता लगाने कहा गया है। कलेक्टर से कहा गया है कि वे इस बात की जांच करें कि कहीं छात्रों द्वारा स्कूल छोड़ने का कारण निजी स्कूलों द्वारा लागू की जाने वाली महंगी फीस अथवा यूनिफॉर्म तो नहीं है? इसके अलावा निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों के साथ व्यवहार को भी जांचने कहा गया है। इस पहलू पर भी विचार करने कहा गया है कि छात्रों द्वारा स्कूल छोड़े जाने का कारण कहीं उनके साथ हो रहा असमानता का व्यवहार तो नहीं है।

### होगी त्रैमासिक बैठक

समीक्षा के लिए त्रैमासिक बैठक ली जाएगी। इसमें स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कहा गया है कि कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिसमें छात्र द्वारा स्कूल छोड़ दिया जाता है, लेकिन विद्यालय उनकी एंट्री स्कूलों में दिखाकर उनके नाम से फीस ले रहे हैं। ऐसे स्कूलों की भी जांच करने कहा गया है। यदि किसी छात्र द्वारा स्कूल छोड़ दिया जाता है तो प्रबंधन को उनकी एंट्री ड्रॉप आउट स्टूडेंट के रूप में करनी होगी। प्रतिवर्ष कम से कम दो बार आरटीई छात्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

### 20 मई से निकलेगी लॉटरी

आरटीई के अंतर्गत पहले चरण की आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। पहले चरण की लॉटरी 20 मई से 30 मई तक निकाली जाएगी। इसमें जिन छात्रों के नाम होंगे, उन्हें 1 से 30 जून तक प्रवेश लेना होगा। इसके बाद दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। प्रदेश में 52 हजार 782 सीटों के लिए अब तक 74 हजार 132 आवेदन मिले हैं। स्कूलों के प्रोफाइल अपडेट सहित अन्य प्रक्रिया एक फरवरी से प्रारंभ हो गई थी।

# पंजीयन दस्तावेज में संपत्ति का मूल्य हो सही, राजस्व हानि रोकने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जमीन, मकान, आवासीय या व्यावसायिक संपत्ति के पंजीयन के दौरान संपत्ति का मूल्य कम दिखाने से होने वाली राजस्व की हानि को लेकर सरकार सतर्क हुई है। इस मामले को लेकर वाणिज्यक कर (पंजीयन) विभाग ने प्रदेश के सभी जिला पंजीयकों को निर्देश देकर कहा है कि राजस्व की हानि नहीं होनी चाहिए।

- **प्रदेश के सभी जिला पंजीयकों को भेजा गया पत्र**

अचल संपत्ति के कम मूल्यांकन के फलस्वरूप होने वाले राजस्व हानि रोकने सभी जिला पंजीयकों को निर्देश दिए गए हैं। एसीएस मनोज पिंगुवा ने अपने पत्र में कहा है कि भारतीय स्टाम्प अधिनियम की धारा 31. धारा 33 व धारा 47 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर लिखत बाजार मूल्य एवं प्रभार्य स्टांप शुल्क का निर्धारण किया जाता है। इन विधिक प्रावधानों के अंतर्गत बाजार मूल्य या प्रभार्य स्टांप शुल्क के अवधारण के अधिकार इसलिए दिए गए है, ताकि लिखित पर संपत्ति के सही मूल्य नहीं लिखे जाने के फलस्वरूप शासन को हो रही राजस्व हानि का निवारण किया जा सके। भारतीय स्टाम्प अधिनियम एक महत्वपूर्ण कर विधि है तथा स्टाम्प पर अधिनियम के तहत कर निर्धारण अधिकारी के रूप में कलेक्ट कर प्रशासन कराधान विधि में योगदान होता है इस हानि को रोकने नए निर्देश दिए हैं।

### गाइडलाइन से कम न हो संपत्ति का मूल्य निर्धारण

निर्देश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम 2000 के तहत निर्धारित उपबंध एवं गाइडलाइन कीमतों से कम कीमत पर संपति का मूल्यांकन नहीं किया जाए। यदि किसी प्रकरण विशेष में ऐसा प्रतीत होता है कि संपत्ति की कीमत गाइडलाइन दर से भी कम हो सकती है, तो छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम 2000 के नियम 11 के तहत साक्ष्यों सहित विभाग अध्यक्ष को प्रस्ताव भेजा जाए एवं अनुमोदन के बाद आगे की कार्यवाही की जाए।

# प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चे 10वीं 12वीं में टॉप पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जिलों में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत और अनुशासन से शानदार सफलता मिली है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाल ही घोषित 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों में प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों को एक बार फिर शानदार सफलता मिली है। प्रयास विद्यालय में 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 99.3 प्रतिशत एवं 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 97.22 प्रतिशत रहा है। इनमें 10वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 96.45 एवं 12वीं में 82.02 प्रतिशत रहा है। इस वर्ष का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में काफी अच्छा है।

### प्रमुख सचिव वोरा, सचिव दुग्गा ने दी बधाई

बताया गया है कि गत वर्ष 10वीं में 90.70 प्रतिशत और 12वीं में 79.38 फीसदी रहा था। प्रदेश के प्रयास विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और सचिव नरेन्द्र दुग्गा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन

बताया गया है कि विगत वर्षों में प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अब तक प्रयास आवासीय विद्यालय के 116 विद्यार्थी आईआईटी व समकक्ष में, 328 विद्यार्थी एनआईटी व समकक्ष में, 940 विद्यार्थी इंजीनियरिंग कॉलेज में एवं 52 विद्यार्थी एमबीबीएस में चयनित हुए हैं। इसके अलावा सीए, सीएस, सीएमए में 29 तथा क्लैट में 04 विद्यार्थी को सफलता मिल चुकी है।

### 10वीं में 7 बच्चों ने बनाया मेरिट में स्थान

आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष घोषित परीक्षा परिणामों में प्रयास के 07 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है। मेरिट में आने वाले छात्र-छात्रों में प्रयास आवासीय विद्यालय, कांकेर के 04 विद्यार्थी- श्री मयंक कोर्राम, कुमारी पायल अधिकारी, कुमारी वर्षा साहू और कुमारी मल्लिका मरकाम शामिल हैं।

## रेफरी के रूप में एक पूर्व जज को रखा जाएगा

# तेलंगाना पर बकाया 15 से हो गया 17 सौ करोड़ वसूलने अब आर्बिट्रेटर नियुक्त करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के तेलंगाना पॉवर कंपनी पर बकाया 15 सौ करोड़ का मामला अब तक सुलझ नहीं सका है और यह बकाया 15 सौ करोड़ से बढ़कर सरचार्ज के कारण करीब 17 सौ करोड़ हो गया है। बकाया वसूली के लिए सारे प्रयासों के बाद अब बीच का रास्ता निकालते हुए नियमों के मुताबिक दोनों कंपनियों की तरफ से एक-एक आर्बिट्रेटर नियुक्त करने की तैयारी है। साथ ही एक बीच का आदमी, जो कि कोई पूर्व जज होगा, उनको रेफरी की तरह नियुक्त किया जाएगा। इसके बाद सारा लेखा-जोखा देखते हुए फैसला होगा। ऐसा कहा जा रहा है, यह



फैसला दोनों कंपनियों को मान्य होगा। तेलंगाना पर कई सालों से 36 सौ करोड़ का बकाया है। पहले तेलंगाना ने इस बकाया में से 15 सौ करोड़ का ही बकाया माना, लेकिन बाद में तेलंगाना ने छह सौ करोड़ का और बकाया मान लिया। ऐसे में 21 सौ करोड़ का बकाया तो मान लिया गया, लेकिन 15 सौ करोड़ के बकाया पर पेंच फंसा रहा। बीते साल एक बार फिर से तेलंगाना बिजली कंपनी ने छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठकर आमने-सामने बात की तो 15 सौ करोड़ के और बकाया में से 13 सौ करोड़ का बकाया माना गया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य कंपनी तो तैयार हो गई, लेकिन तेलंगाना ने इसके बाद भी कोई जवाब नहीं दिया। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक लंबा समय होने के कारण सरचार्ज के कारण बकाया अब 15 से बढ़कर करीब 17 सौ करोड़ हो गया है।

### केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय लगा चुका है फटकार

इस मामले में लगातार प्रयास के बाद भी काम न बनने पर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इस मामले में केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय में अपने बकाया का दावा किया तो इसके बाद केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने तेलंगाना कंपनी के अधिकारियों को बुलाकर फटकार लगाते हुए मामले को सुलझाने के लिए कहा। इसी के साथ कहा गया, अगर मामला नहीं सुलझा तो बकाया प्राप्ति पोर्टल पर अपलोड कर दी जाएगी। ऐसा होने पर पूरा बकाया देना ही पड़ेगा।

### बिजली देना बंद

36 सौ करोड़ में से जो 21 सौ करोड़ का बकाया माना गया है, उसका पैसा किस्तों में आ रहा है, लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने अब तेलंगाना को बिजली देना बंद कर दिया है। वैसे तेलंगाना की कंपनी वापस बिजली लेना चाह रही है, लेकिन 17 सौ करोड़ बकाया का पेंच न सुलझने के कारण छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी वापस बिजली देने तैयार नहीं है। बकाया का मामला सुलझने के बाद कुछ शर्तों के साथ वापस बिजली देने का फैसला हो सकता है।

## खबर संक्षेप



### विभिन्न गतिविधियां सिख रहे बच्चे

**महासमुंद।** स्थानीय पीएमश्री बृजराज द्वारा समर कैंप का आयोजन सेजेस हिंदी माध्यम आदर्श स्कूल हाल में किया जा रहा है। यह कैंप सवेरे 7 बजे से 11:30 बजे तक एवं शाम को 5 बजे से 6 बजे तक आयोजित हो रहा है। समर कैंप में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे ड्राइंग, पेंटिंग, हिंदी कहानी कविता, नाटक, योग नृत्य संगीत क्राफ्ट पेपर, क्ले आर्ट आदि उनके विषय विशेषज्ञों के द्वारा गतिविधियां कराया जा रहा है। इस समर कैंप में बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। लगभग 100 से 150 बच्चे पीएमश्री बृजराज एवं सेजेस आदर्श स्कूल के अलावा शहर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी उत्साह के साथ विभिन्न नए गतिविधियां सीख रहे हैं।

### बौद्ध पूर्णिमा पर गृहे-गृहे यज्ञ 23 को

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पूरे देश में 23 मई बौद्ध पूर्णिमा पर सभी घरों में गृहे-गृहे यज्ञ किया जाएगा। महासमुंद जिले के सभी ग्रामीणों एवं नगरवासियों से 23 तारीख को अपने-अपने घरों में अपने परिवार की सुख, शांति तथा राष्ट्र की उन्नति, समृद्धि एवं स्नेह सौहार्द की वृद्धि के लिए स्वयं यज्ञ करने का अनुरोध किया है। यज्ञ के लिए पत्रक एवं हवन, पूजन सामग्री गायत्री शक्तिपीठ बरोंडा चौक में उपलब्ध है।

### प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन 25 से

**महासमुंद।** योग नेचुरोपैथी वेलनेस सेन्टर बिलासपुर एवं पतंजलि चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में 25 से 31 मई तक प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन देव संस्कृति विद्यालय बरोण्डा चौक में किया गया है। सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक तीन पालियों में आयोजित उक्त शिविर में विशेष 29, 30 एवं 31 मई 2024 को सिंघी चिकित्सा होगी। इस शिविर मे नेचुरल फेशियल, मोटापा, बी.पी., मधुमेह, गठियावात, संधिवात, पेट संबंधी समस्त विकार, नेत्र विकार, साइटिका, कमर दर्द, श्वसन संबंधी रोग, थायराईड, चर्मरोग, अल्सर, बवासीर, सरवाईकल / एकोलाईजिंग, स्पोंडिलाइटिस, पथरी, नसों में ब्लॉकेज, नजला साईनस, स्त्री संबंधित रोग, एसिडिटी, गैस, कब्ज, माइग्रेन, एनीमिया, अनिद्रा इत्यादि रोगों का निदान किया जायेगा।

### रामेश्वर धाम के लिए आज रवाना होगा यात्रियों का जत्था

**महासमुंद।** रामेश्वरम धाम की यात्रा पर नगर के करीब 40 तीर्थ यात्री बस से 19 मई को शाम 6 बजे नगर पुरोहित पंकज तिवारी के निवास से रवाना होंगे। उक्त जानकारी देते हुए भागवत कथा आयोजन समिति के मूलचंद लड्ढा, देवेंद्र चंद्राकर, दिलीप जैन ने बताया कि रामेश्वरम धाम में 25 से 31 मई तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन है। जिसमें यहां के तीर्थ यात्री शामिल होकर कथा श्रवण करेंगे। मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडे के अलावा कुछ अन्य तीर्थयात्री ट्रेन से 23 मई को रवाना होंगे।

### एवीवाय के ठेकेदार पर 10 हजार जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम को शिकायत मिली थी कि वार्ड क्रमांक 30 के शंकर नगर में हाउसिंग बोर्ड कांप्लेक्स में सी एंड सी वेस्ट डंप पड़ा हुआ है। इस शिकायत पर निगम की स्वास्थ्य विभाग के जोन स्वास्थ्य अधिकारी उमेश नामदेव, स्वच्छता निरीक्षक अब्दुल नफीस की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। विभाग की टीम को मौके पर सी एंड सी वेस्ट डंप मिला। शिकायत सही पाए जाने पर इस मामले में संबंधित ठेकेदार एजेंसी एवीवाय इंफ्रास्ट्रक्चर के ठेकेदार पर 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया, साथ ही डंप वेस्ट को वहां से हटाने के निर्देश दिए।

## आयोजन: प्राथमिक शाला मोहगांव में हुआ नवोदय प्रतिभा सम्मान समारोह

# 74 छात्रों को किया गया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव में स्व. शोभावती प्रधान एवं स्व. कामदार प्रधान की स्मृति में नवोदय प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयनित 74 छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्याभूषण सतपथी मंत्री फुलझर सेवा समिति थे। अध्यक्षता शासकीय हाई स्कूल मोहगांव प्राचार्य जगदीश कुमार ने की। विशिष्ठ अतिथि शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सलडीह प्राचार्य मीनकेतन दास, चंद्रमा टिकेलाल भोई सरपंच मोहगांव, तहसील कुमार नायक अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति भैरोपुर, विजय बारीक अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति मोहगांव, आशीष कुमार प्रधान अध्यक्ष रामचंडी व्यापारी प्रकोष्ठ सांकरा और अविनाश चन्द्र साहू अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ कोलता समाज रायपुर संभाग, एमएल साव सेवानिवृत्त प्रधान पाठक मोहगांव आमंत्रित रहे। स्वागत पश्चात बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि मेरे द्वारा पिछले 10 वर्षों से नवोदय चयन परीक्षा की निःशुल्क तैयारी कराई जा रही है और चयनित बच्चों को अपने माता-पिता की स्मृति में स्मृति चिन्ह और मैडल देकर सम्मानित किया जाता है। पिछले पांच वर्ष में मेरे मार्गदर्शन में 74 बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली के लिए चयन हुआ है। इन बच्चों को कोरोनाकाल के बाद से सम्मानित नही किया जा सका था, इन सभी बच्चों को इस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान के माता-पिता की स्मृति में समर्पित स्मृति चिन्ह और मैडल से अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभावान बच्चों और प्रयास विद्यालय के लिए चयनित अनुपमा साहू और नन्दलाल विशाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गांव के सबसे वयोवृद्ध जयदेव बारीक और भैरोपुर विद्यालय के सफाई कर्मचारी मंजीत सागर और माधव बर्गे को भी भोजराज प्रधान के सौजन्य से साल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि मीनकेतन दास द्वारा भी वर्ष 2023 और 2024 में चयनित 30 बच्चों को अपनी पुत्री अजिता दास की स्मृति में स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। दास पिछले छः वर्षों से भोजराज प्रधान के विद्यालय से चयनित बच्चों को सम्मानित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्या भूषण सतपथी ने कहा कि सरकारी स्कूल के शिक्षक भोजराज प्रधान बच्चों को नवोदय विद्यालय की केवल तैयारी ही नहीं करा रहे हैं, ये पीढ़ी निर्माण कर रहे हैं, समाज निर्माण कर रहे हैं, और बच्चों को इस मंच से सम्मानित करने का अभिनव पहल भी समाज को नई दिशा देगी। एक साथ एक विद्यालय से 18 बच्चों का चयनित होना इनके लगन को दर्शाता है।

### 21 गरीब बच्चों को स्कूल बैग देने की घोषणा

आशीष कुमार प्रधान की ओर से प्राथमिक शाला मोहगांव को 12 प्लास्टिक कुर्सियां भेंट की गई। अगले सत्र में 21 गरीब बच्चों को स्कूल बैग देने की घोषणा की गई। अपने संबोधन में भोजराज प्रधान द्वारा किये जा रहे सेवा की सराहना की गई। ग्रामवासियों की ओर से अरुण कुमार कर ने कहा कि हमारे गांव के ही सुपुत्र भोजराज प्रधान जब से प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ होकर हमारे गांव आये हैं हमारे गांव में शिक्षा का माहौल निर्मित हो गया है और गांव का नाम रोशन हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक गौरीशंकर पण्डा एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य जगदीश कुमार ने व्यक्त किया।

### 23 प्रतिशत का चयन अकल्पनीय

विशिष्ठ अतिथि मीनकेतन दास ने कहा कि मैं पिछले कई वर्षों से भोजराज प्रधान और उनके कार्यों को देख रहा हूँ, हर वर्ष इनके विद्यालय से नवोदय चयन का नया रिकॉर्ड बन रहा है। एक ही स्कूल से 23 प्रतिशत बच्चों का चयन होना अकल्पनीय है। एमएल साव ने कहा कि मैं इस विद्यालय में लम्बे समय तक पदस्थ था और ग्रामवासियों के सहयोग से विषम परिस्थितियों में 14 वर्ष तक जन भागीदारी हाई स्कूल का संचालन किए। आज प्रधान के परिश्रम और इनके बच्चों की सफलता देखकर सुखद अनुभूति हो रही है।

### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर प्राचार्य जगदीश कुमार, व्याख्याता अहीर कुमार बरिहा, पूमाशा प्रधान पाठक रविलाल प्रधान, शिक्षक हेमन्त कुमार कर, रेखा प्रधान, तेजस्विनी प्रधान, कविता बढ़ाई शिक्षिका, विजय बारीक, रोहित प्रधान, प्रणव प्रधान, देवराज प्रधान, प्रीतम कर, वीरेंद्र बढ़ाई, रत्नाकर प्रधान, सदानन्द बारीक, प्रमोद बढ़ाई, मोहन साव, लक्ष्मण भोई, प्रह्लाद प्रधान, हेमसागर बारीक, दिब्यानन्द बारीक, छोटेलाल जागेश्वर सहित समस्त ग्रामवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## माता कर्मा मंदिर में रत्नमुद कुम्भ भराई महोत्सव 22 को

### कार्यक्रम को लेकर भक्तों में भारी उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

नवनिर्मित माता कर्मा की निर्माणाधीन मंदिर बोहारपार में 22 मई बुधवार को दोपहर 3 बजे से रत्नमुद कुम्भ भराई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां भी शुरू हो चुकी है। मंदिर समिति साहू समाज द्वारा इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर भक्तों को शामिल होने के विशेष तौर पर आमंत्रित भी किए जा रहे हैं। इस मंदिर का निर्माण साहू समाज द्वारा किया जा रहा है। खास कर इस मंदिर का छत्तीसगढ़ का अनोखा रूप दिया जा रहा है। जिससे लोगों में यह मंदिर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस मंदिर निर्माण में सभी भक्तों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। बुधवार से ही मंदिर प्रांगण में भव्य रूप से कार्यक्रम आयोजन कर विशेष अनुष्ठान के साथ कर्मा माता मंदिर निर्माण में रत्नमुद कुंभ भराई महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। नामयज्ञ हरि नाम का उच्चारण विभिन्न गांव से हरि नाम कीर्तन पार्टी द्वारा किया जाएगा। शुभ मुहूर्त प्रातः 06.30 बजे कलश यात्रा, 8 सर्व देवा देवी एवं महामंत्र उच्चारण व पूजा अनुष्ठान शुभारंभ किया जाएगा। पश्चात दोपहर 12 बजे से सामूहिक रूप से महाप्रसाद भंडारा सेवन किया जाएगा। 3 कुंभ भराई रत्नमूद महोत्सव किया जाएगा। जिसमें आसपास के हजारों की संख्या में भक्त जुटने की संभावना जताई जा रही है।



### सिंघोड़ा स्कूल में समर कैंप, बच्चों को मेहंदी लगाना सिखाया

**सरायपाली।** वनांचल ग्राम सिंघोड़ा के पीएम शासकीय प्राथमिक शाला में समर कैंप के तहत आयोजित कार्यक्रम में नोडल प्राचार्य संतोष कुजूर एवं संकुल समन्वयक सच्चिदानंद भोई शाला के प्रधान पाठक पूर्णिमा नाग, शिक्षक गोपाल पटेल, चूड़ामणि साहू, खिरसागार चौहान, कुवारमति भोई, प्रशिक्षक विनोद बीसी एवं कविता भोई और संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे। इन सभी की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रम के साथ बच्चों को हाथों में मेहंदी लगाना सिखाया गया। साथ ही समर कैंप के कार्यक्रम के तहत आने वाले अन्य सभी विधाओं की जानकारी भी दी गई।

## पुलिस ने दर्ज किये मारपीट के दो मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिटी कोतवाली पुलिस ने मारपीट के अलग-अलग मामलों में अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी जितेन्द्र यादव पिता जगदीश यादव 35 साल साकिन वार्ड नं. 26 क्लब पारा ने पुराने झगड़े की बात को लेकर अश्लील गाली गलौज करते हुए हाथ-मुक्का एवं धारदार वस्तु से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए डेविड ऊर्फ ठग्गु विश्वकर्मा के खिलाफ थाने मे शिकायत दर्ज कराई। वहीं रंग मंच कुर्मीपारा के पास हुए विवाद में प्रार्थी राहुल चन्द्राकर पिता नंदकुमार 32 साल ने अपने पिता के साथ परिवारिक विवाद को लेकर अश्लील गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का एवं चप्पल से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मनोज चन्द्राकर पिता मुनीराम साकिन फरफौद आरंग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपीयों पर धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शराब पिलाने की सुविधा देने वाले 3 लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने शराब पिलाने की सुविधा देने वाले 3 लोगों पर आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली सूचना अनुसार एफसीआई मोड़ पर सुभाष नगर के पास से शांतनु मंहती पिता स्व. साहेब 55 साल को मचेवा रोड़ के पास तथा हिमेश साहू पिता बलराम साहू 21 साल एवं किराना दुकान के सामने वार्ड नं. 22 सुभाष नगर से राजेश कुमार मारकंण्डे पिता रमेश 45 साल को अवैध रूप से लोगों को शराब पीने की सुविधा मुहैय्या कराते पकड़ा और आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### अटल मॉनिटरिंग पोर्टल से निगरानी में होगी आसानी

**रायपुर।** अटल मॉनिटरिंग पोर्टल (सीएम डैशबोर्ड) के विकास एवं क्रियान्वयन के लिए शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक दिवसीय डिजाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राज्य शासन के सभी विभागों के सचिव स्तरीय अधिकारियों, विभागीय नोडल अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ को अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## जमीन को आबादी घोषित कराने की मांग लेकर पहुंचे बम्बूरडीह के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बस्ती जिस खसरा क्रमांक में बसी उसे बाद में शासन ने कोटवारी जमीन घोषित करते हुए कोटवार को बतौर सेवा भूमि दे दी। अब उक्त स्थान पर बसे ग्रामीण विकास कार्यों से वंचित हो गए हैं। निर्माण कार्य कराए जाने की शुरुआत होने पर संबंधित कोटवार द्वारा बाधा उत्पन्न की जाती है। मामला जिले के ग्राम बम्बूरडीह का जहां के ग्रामीणों ने कोटवार पर विकास कार्यों में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए हटाए जाने के साथ उक्त त्रुटि को सुधार करते हुए संबंधित खसरा क्रमांक को आबादी जमीन घोषित किए जाने की मांग की है।

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीणों में गौतम बंजारे सहित बम्बूरडीह के ग्रामीणों ने बताया कि बम्बूरडीह बस्ती बसने के बाद खसरा नं. 311 को त्रुटिवश ग्राम कोटवार को सेवा भूमि के रूप में शासन ने दिया है, जबकि उक्त भूमि पर पूर्व से बस्ती बसी है। उक्त भूमि पर ग्रामवासियों द्वारा सड़क व नाली निर्माण करने पर ग्राम कोटवार द्वारा बाधा उत्पन्न किया जाता है, जिससे ग्राम विकास का कार्य अवरुद्ध हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके द्वारा सार्वजनिक नलकूप में मोटर डालकर उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि के संबंध में प्रकरण न्यायालय उप तहसील पटेवा में विचाराधीन है।

29 अप्रैल को ग्राम कोटवार द्वारा उक्त भूमि पर सेवा भूमि के रूप में खसरा नं. 311 व 270 प्राप्त भूमि से पहले से स्थित घुरवा, रास्ता को जेसीबी लगाकर पाट दिया गया है। ग्राम देवता को ट्रैक्टर से तोड़-फोड़ दिया है व मार्ग को ट्रैक्टर से जुताई कर अवरुद्ध कर दिया है। साथ ही सेवा भूमि को ग्राम कोटवार द्वारा अन्य व्यक्ति को बेच दी गई है। बुलाने पर वह विगत 5 सालों से बैठक में नहीं आया है। ग्रामीणों ने बम्बूरडीह स्थित खसरा 311 व 270 को आबादी में दर्ज करने और कोटवार को हटाए जाने की मांग की है।

## सेन जयंती समारोह, बाजे-गाजे के साथ निकाली शोभायात्रा



**रायपुर।** कनौजिया सेन समाज, युवा मंडल सेवा समिति रायपुर ने सेन जयंती समारोह का आयोजन मायाराम सुरजन हॉल राजबंधा मैदान में किया। कार्यकारिणी सदस्य रवि सेन ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि अजय श्रीवास की अध्यक्षता में कार्यक्रम शुरू हुआ। सर्वप्रथम संत शिरोमणि सेनजी महाराज की कलश शोभायात्रा में कनौजिया सेन समाज से बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित होकर गाजे-बाजे के साथ निकले, शहरभर भ्रमण करते हुए वापस समारोह स्थल पर शोभायात्रा का समापन किया गया। अतिथियों द्वारा सेनजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर पूजन किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में समाज के प्रतिभावान बच्चों द्वारा नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि रिकेश सेन विधायक वैशाली नगर द्वारा अपने उद्बोधन में सेन समाज के भवन निर्माण के लिए 10 लाख की सहायता राशि की घोषणा की गई।

विशिष्ट अतिथि गंगाराम सेन केन्द्रीय अध्यक्ष, प्रहलाद सेन पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष, कनौजिया सेन समाज, भूपेंद्र शंकर सेन विशेष सहयोग, रूपेश ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष, सेलून संघ छत्तीसगढ़, केंद्रीय कार्यकारिणी हरिश्चंद्र सेन आदि ने अपने उद्बोधन में समाजजनों को एक धागे में पिरोकर समाज को उन्नति के पथ पर ले जाने पर जोर दिया गया।

## राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सत्र का हुआ समापन, अफसरों को दिए निर्देश



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी में संभाग और जिले के अधिकारियों के 5 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सत्र समापन अवसर पर कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में प्रशासनिक कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए संभाग और जिले के अधिकारियों का प्रशिक्षण आवश्यक है। संचालक लोक शिक्षण दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग बेहतर तरीके से करेंगे। अब शत प्रतिशत योजनाओं को गति देने में आसानी होगी संभाग और जिले के शिक्षा अधिकारियों 5 दिन में रिफ्रेश होकर नई ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। प्रशासन अकादमी के डायरेक्टर टीसी महावर ने कहा कि विभाग की आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अनुशासन में रहकर नियमों का पालन किए जाने की अपेक्षा करते हुए कार्यालय की प्रबंधन क्षमता और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने का सुझाव दिया। समारोह के प्रारंभ में संकाय सदस्य डॉ अभिषेक दुबे ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण के विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग की उपसचिव इफ्फत आरा, अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे, उप संचालक आशुतोष चावरे, अशोक नारायण बंजारे, प्रशांत पांडेय, अकादमी के कोर्स डायरेक्टर अभिषेक दुबे, डॉ. सीमा सिंह और नोडल प्रभारी डी. दर्शन भी उपस्थित थे।

### बिजनेस साइट

## लक्ष्मी मेडिकल की 26वीं शाखा महासमुंद में उद्घाटित

### दवाइयों एवं उपकरण के लिए अब लोगों को रायपुर जाने की जरूरत नहीं

**महासमुंद।** शहरवासियों को दवाओं के लिए अब राजधानी पर निर्भर नही रहना होगा। लक्ष्मी मेडिकल की 26 शाखा के तौर पर शनिवार को यहां प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन में विधायक राजू सिन्हा व शिशु रोग विशेषज्ञ डा. राकेश परदल एवं दीपक राव साकरकर मौजूद रहे। डॉ. परदल ने कहा कि यहां सभी दवाइयां उपलब्ध रहेगी और नगर के लोगों को दवाइयों के लिए रायपुर पर निर्भर नही रहना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मेडिकल हाल में कैंसर, किडनी, हॉट, लीवर सहित अन्य बड़ी बीमारियों एवं छोटी बीमारियों की दवाइयां उपलब्ध रहती है। शाखा के बारे में बताते हुए संचालक कीमतराय जादवानी, सुनील जादवानी, विकास जादवानी ने बताया कि महासमुंद में यह प्रदेश की 26 वीं शाखा है। जिसका संचालन सुनील एवं विकास जादवानी करेंगे। उन्होंने बताया कि यहां सभी छोटी-बड़ी बीमारियों की दवाईयां एवं उपकरण उपलब्ध रहेंगे और लोगों को भटकने की परेशानी से राहत मिलेगी।

### मच्छर नियंत्रण के लिए एंटी लार्वा, फॉगिंग

**रायपुर।** शहर में मच्छरों से राहत दिलाने के लिए नगर निगम द्वारा मच्छर नियंत्रण के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग कराई जा रही है। इसके तहत शुक्रवार को उषा प्राइड के सामने के क्षेत्र की बस्ती में श्रीराम मंदिर मौलश्री विहार क्षेत्र, स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड, मिनीमाता गुढ़ियारी, खालबाड़ा, सोलापुरी माता मंदिर संन्यासीपारा क्षेत्र वार्ड क्रमांक 7 एवं 48 के क्षेत्र, जोन 2 के वार्ड क्रमांक 26 के कुकरी तालाब क्षेत्र के आसपास सहित विभिन्न बस्तियों, मार्गों, स्थानों में एंटी लार्वा ट्रीटमेंट एवं फॉगिंग का कार्य किया गया। इस दौरान अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कालीमाता वार्ड के खपराभट्ठी क्षेत्र में मच्छरों पर नियंत्रण के लिए चलाए गए फॉगिंग अभियान का निरीक्षण किया।



**खबर संक्षेप**

## प्रदेश में भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही की सराहना

**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्यवाही कर घूसखोरों को पकड़ने की कार्यवाही का पुरजोर समर्थन करते हुए इसे भाजपा की विष्णुदेव सरकार का जनहित कदम बताया है, जो कांग्रेस सरकार के समय का था। जिसे अनेक प्रशासनिक अधिकारी बढ़ावा दे रहे थे। छग में शासन परिवर्तन होने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों का रवैया ज्यों का त्यों रहा। वसूली अभियान निर्बाध गति से चलता रहा, जिसकी समय-समय पर शिकायत मुख्यमंत्री सहित पार्टी स्तर पर भी की जाती रही। परंतु चुनाव एवं पार्टी घोषणा पत्र की पूर्ति की व्यस्तता के कारण सरकार का ध्यान इस ओर नहीं था। लेकिन, अब प्रदेश में चुनाव समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री का विशेष ध्यान इन वसूली अधिकारियों के कान ऐंठने में है, जिसका स्पष्ट इशारा मुख्यमंत्री साय ने अपने निवास में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ताओं से मिलन कार्यक्रम में कर दिया था। डॉ. चोपड़ा ने राजस्व विभाग, रजिस्ट्रार कार्यालय, खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग में कांग्रेस शासन के दौरान लगे घूसखोरी के इस स्वाद को मिटाने की जरूरत है।

## निधन

### हेमलाल साहू



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी साहूपारा निवासी हेमलाल साहू (75) का देहांत 16 मई गुरुवार को हो गया। अंतिम संस्कार दोपहर 1 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे केजाबाई साहू के पति व डोमन साहू, चिंतामणी साहू, विष्णु साहू के पिता थे।

### कृष्णा चंद्राकर



**बेलसोंडा।** ग्राम बेलसोंडा निवासी समाज सेवक कृष्णा चंद्राकर (82) का आज निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नैया तालाब मुक्तिधाम में किया गया। वे गजानंद चंद्राकर के पिता, हितेश चंद्राकर के दादा तथा पंकज व शिक्षक भानू चंद्राकर के नाना थे।

### विरोध : अलग-अलग टैक्स को लेकर क्षेत्र के नागरिकों ने दिखाई एकजुटता

# नेशनल हाईवे में तीन टोलनाका नागरिकों को भारी पड़ रहा टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

सरायपाली से रायपुर तक 156 किलोमीटर की दूरी में 3 टोल नाके क्रमशः छुईपाली, ढांक व मंदिर हसौद स्थापित है। सरायपाली के लोगों को आने जाने में ही काफी रकम सिर्फ टोल नाका टैक्स देना होता है, जो भारी पड़ने लगा है। विभाग व एनएचएआई के एक ही राजमार्ग 53 पर अलग-अलग नियम लागू किए जाने का अब सरायपाली के वाहन मालिक, नगरवासियों, ग्रामीणजनों, विभिन्न समाज, व्यापारी, व्यवसायी व राजनैतिक दलों व युवाओं द्वारा विरोध शुरू हो गया है।

इनकी मानें तो राजमार्ग 53 पर ही बरगढ़, छुईपाली, ढांक, मंदिरहसौद व दुर्ग पर टोल नाका निर्मित है। दुर्ग व बरगढ़ में स्थानीय वाहन मालिको को (गैर व्यवसायिक) निःशुल्क सुविधा दी गई है। जबकि छुईपाली व ढांक में स्थानीय वाहन मालिकों से मंथली चार्ज लिया जा रहा है। जबकि नियमतः यह भी नही लगना चाहिए। दुर्ग व बरगढ़ की तरह यहां भी छूट दिए जाने की मांग अब जोर पकड़ रही है। इसके लिए सभी क्षेत्रवासियों व लाभान्वित होने वाले वाहन मालिकों की एक वृहद बैठक प्रस्तावित है। जिसमें छुईपाली व ढांक टोलनाका को स्थानीय लोगों के लिए फ्री किए जाने पर चर्चा होगी। साथ ही कलेक्टर व टोल नाका प्रबंधन को ज्ञापन दिया जाएगा व समयावधि के भीतर टोल फ्री नही किए जाने की स्थिति में टोलनाका में चक्काजाम किए जाने जैसे आंदोलन पर भी सहमति बनाई जाएगी।



**3 टोलनाका में 300 से 400 रुपए सिर्फ टोल टैक्स**

आज सिर्फ सरायपाली व बसना से ही प्रतिदिन सैकड़ों वाहन महासमुंद व रायपुर शासकीय व निजी कार्यों के लिए जाती है। मात्र 156 किलोमीटर की दूरी के बीच 3 टोलनाकाओं में 300 से 400 रुपए सिर्फ टोल टैक्स देना पड़ता है, जो कि बहुत ही भारी पड़ रहा है। इससे व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। साथ ही महासमुंद जिला जब अस्तित्व में नही आया था, उस समय सरायपाली रायपुर जिले के अंतर्गत आता था। आज भी अनेक लोगों के पास सीजी 04 पासिंग वाहने हैं, जो कि लोकल है। इन्हें भी लोकल गाड़ियां मानकर टोलफ्री किया जाना चाहिए। इन सभी का कहना है कि यह सुखद है कि इस बार इस बहुप्रतीक्षित मांग को क्षेत्र के युवाओ द्वारा उठाया जा रहा है। युवाओं के इस प्रयास व संघर्ष में सभी की सहभागिता रहेगी। शीघ्र ही एक सामूहिक व वृहद बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अगले चरण के आंदोलनों पर चर्चा की जाएगी। वह सामूहिक निर्णय के तहत प्रजातांत्रिक तरीके से कलेक्टर व टोल प्राधिकरण के समक्ष अपनी मांग रखी जाएगी व आंदोलन की आवश्यकता पड़ी तो वह भी इसी तरह से किया जाएगा।

व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष सुशील जैन ने बताया कि पूर्व में व्यवसायिक वहां चालको द्वारा भी टोलनाका के समक्ष प्रदर्शन किया गया था। जिले के साथ ही विशेषकर सरायपाली क्षेत्र के व्यापारियों, किसानों व वाहन चालकों के साथ टोल प्राधिकरण पक्षपात पूर्ण व्यवहार कर रहा है। एक ही मार्ग पर 2 अलग-अलग नियम अव्यवहारिक व पीड़ादायक है। वरिष्ठ भाजपा नेता व नागरिक अमर बग्गा ने टोल नाका प्राधिकरण द्वारा क्षेत्र के वाहन चालकों के साथ किए जा रहे दमन नीति का विरोध करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों के अधिकार, मांग व संघर्ष के साथ वे हमेशा खड़े रहेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप भोई, हरेकृष्ण नायक, राजेश महाणा, केबी खान, देवेंद्र शर्मा ने मांग का समर्थन करते हुए कहा कि टोलनाका प्रशासनका यह भेदभाव पूर्ण व्यवहार निंदनीय है। एक ही मार्ग पर पड़ने वाले टोलनाकाओं में अलग-अलग विधान नही चलेगा। क्षेत्रवासियों का जोरदार विरोध प्रदर्शन हो, इसके पूर्व ही टोलनाका प्रबंधन को समुचित निर्णय ले लेना चाहिए।

वरिष्ठ कांग्रेस व किसान नेता विश्वनाथ नायक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार से जुड़े व विकासशील किसान विद्याभूषण सतपथी, भूतपूर्व सैनिक व फुलझर डिफेंस सेंटर के संचालक धर्मेंद्र चौधरी, चेम्बर आफ कॉमर्स व कैट के पदाधिकारियों में मदन अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल, प्रदीप जैन, मुश्ताक खान, आनंद गोयल, मुकेश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, सेवाशंकर अग्रवाल, संजय अग्रवाल के साथ ही विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक, सेवा निवृत्त, किसान, व्यापारी, ट्रक ऑनर्स व अन्य संघ संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने छुईपाली व ढाँक टोलनाकाओं को महासमुन्द जिले के सीजी 06 गैर व्यावसायिक वाहनों को टोलफ्री की सुविधा दिए जाने की मांग का समर्थन करते हुवे इस पहल को अपना पूर्ण सहयोग दिए जाने की बात कही है।

## शासकीय उच्चतर विद्यालय पचेड़ा का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। संस्था प्रमुख प्राचार्य विजयकुमार घाड़गे ने बताया कि विद्यालय हमेशा से छात्र-छात्राओं द्वारा बेहतर परीक्षा परिणाम दे है।

अच्छे परिणाम में हमारे विद्यालय के सभी व्याख्तागणों के मेहनत और बीच बीच में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शेख अलाउद्दीन, शत्रुहन साहू, मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा व अन्य जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होता रहता है। इस सत्र 2023-24 में कक्षा 10वीं में कुल दर्जसंख्या 52 में प्रथम श्रेणी 21, द्वितीय श्रेणी 16, तृतीय श्रेणी 10 इस प्रकार परीक्षा परिणाम 90.38 प्रतिशत रहा। छात्र मुकेश साहू ने 90.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान में रहा।

छात्रा यामिनी पटेल ने 89.69 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुल दर्जसंख्या 55 में प्रथम 20, द्वितीय 31, तृतीय श्रेणी 4 रहे। इस प्रकार परीक्षा परिणाम 96.45 प्रतिशत रहा। बारहवीं की छात्रा जानकी ध्रुव ने 74.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान रही।

छात्रों की सफलता पर संस्था के प्राचार्य विजयकुमार घाड़गे, शेख अलाउद्दीन अध्यक्ष शासकीय उच्चतर विद्यालय पचेड़ा, अगरा ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत पचेड़ा, जितेन्द्र टंडन उपसरपंच, माधोराम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष, शत्रुहन साहू, भोजराम निषाद पंच, दिलीप नारंग, भोजराम साहू, विद्यालय के शिक्षकगण लता हिरवानी, मीना चन्दाकर, अनुराधा साहू, गायत्री साहू, नमिता चन्द्राकर, लक्ष्मी, नेहा श्रीवास्तव, ममता साहू, शीपाली उके, ओमप्रकाश धर्मवंशी, मिलन चक्रधारी, शिवकुमार घृतलहरे, चंचल चन्द्राकर, मंजू साहू, धर्मेन्द्र साहू आदि ने हर्ष जताया है।

## कौड़िया परिक्षेत्र की वार्षिक बैठक नवनिर्मित बंजारा छात्रावास बागबाहरा में हुई

# कौड़िया परिक्षेत्र के निर्विरोध अध्यक्ष बने भोपाल नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

16 मई को कौड़यि परिक्षेत्र की वार्षिक बैठक नवनिर्मित बंजारा छात्रावास बागबाहरा में हुई। सम्मेलन के सभापति गोकुल नायक अध्यक्ष शिवरीनारायण महासभा एवम उप सभापति ऊदल सिंह नायक फुलझर परिक्षेत्र अध्यक्ष के साथ ही सभा का अध्यक्षता कौड़यि परिक्षेत्र के अध्यक्ष भोपाल नायक के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

सम्मेलन में महासभा अंतर्गत सभी परिक्षेत्रों के अध्यक्ष एवम पदाधिकारियों के साथ ही कौड़यि परिक्षेत्र के सभी टांडा नायक बन्धु, वरिष्ठ समाज सेवक, मातृशक्ति एवम सामाजिक बन्धुओं व कर्मचारियों की उपस्थिति रही। सम्मेलन की शुरुआत सभी ईष्ट देव की पूजा अर्चना करने के साथ हुई। पश्चात सामाजिक एजेंडों पर चर्चा शुरू हुई। अतिथियों का स्वागत उद्बोधन हुआ। सर्वप्रथम वर्तमान में कक्षा 10वी व 12वीं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान में उतीर्ण बच्चों को प्रमोद नायक खनिज अधिकारी, अजय नायक अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ एवम सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा नगद एवम कौड़िया परिक्षेत्र द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पश्चात अध्यक्षीय उद्बोधन में भोपाल नायक द्वारा विगत पांच वर्षों का विकास कार्य एवम किए गए प्रयासों पर फ़ोकस किया गया। सचिव हीरा सिंह द्वारा आय व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस वर्ष कौड़यि क्षेत्र का नवीन कार्यकारिणी गठन की बात कही। पश्चात फुलझर क्षेत्र के पूर्व संचालक मोहन बंजारा ने समाज में शिक्षा एवम स्वरोजगार के साथ ही कौड़यि क्षेत्र में हुए विकास पर बिंदुवार प्रसन्नता व्यक्त किए।



अंत में महासभा के अध्यक्ष गोकुल नायक द्वारा कौड़यि क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को अदभूत विकास कार्य की संज्ञा देते हुए सभी पदाधिकारियों सामाजिक टांडा नायक बन्धुओं एवम सभी वरिष्ठ सामाजिक बन्धुओं को बधाई दी। उन्होंने सभी परिक्षेत्र विकास करने, निरन्तर अपने प्रयासों पर बने रहने, सामाजिक समरसता की भावना रखने, शिक्षा पर ज्यादा फोकस करने, एक शिक्षित समाज का निर्माण करने, अपने पूर्वजों की व्यापार को बनाए रखने प्रेरित किया। उद्बोधन के बाद क्रमशः एजेंडा नवीन कार्यकारिणी पर चर्चा की गई। जिसमें कौड़यि क्षेत्र अंतर्गत सभी टांडा नायकों द्वारा आपसी सहमति बनाकर पुनः भोपाल नायक को तीन वर्ष के लिए निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया।

कार्यकारिणी में परिवर्तन करते हुए गुहाराम नायक को कार्यकारी अध्यक्ष, पारस नायक को संचालक एवम रवि नायक को सचिव एवम अन्य नए कार्यकारिणी की घोषणा की गई। भोपाल नायक के नेतृत्व से समूचे कौड़यि क्षेत्र के साथ ही सभी परिक्षेत्र के पदाधिकारियों ने सराहना जाहिरकिए एवम पुनः जिम्मेदारी मिलने पर बधाई संदेश भी दिए। इस अवसर पर महासभा अध्यक्ष एवम पदाधिकारीगण, समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष एवम पदाधिकारीगण, कौड़यि क्षेत्र के पदाधिकारी एवम सामाजिक बन्धुगण, मातृ शक्ति, सामाजिक युवाजन उपस्थित थे। सम्मेलन में हेमसिंह नायक जनपद सदस्य, लोक सिंह, राजेश नायक, भुनेश्वर, पारस नायक, कन्हैया, प्यारी, रामलाल, वरिष्ठ समाजसेवी भाऊ राम, निर्भय, श्यामनायक, परमानंद, इंदल, हेमसिंह, लखननायक, देवा, करतार, रवि, नित राम, दशरथी, अजय, मदन बंजारा, चंद्रेश, दिगेंद्र, गणेश, नेहरू, बबलू, करण नायक, हीरा सिंह, अशोक का सहयोग रहा।

# झलप क्षेत्र के गांवों में दीप यज्ञ के साथ नशामुक्ति का दिया संदेश






हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

झलप इकाई अंतर्गत सरेकेल प्रज्ञा मंडल द्वारा आसपास के 24 गांव में ग्राम तीर्थ यात्रा के तहत दीप यज्ञ एवं नशामुक्ति का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में टुरीडीह एवं छिलपावन में कार्यक्रम हुआ। सबसे पहले टोली द्वारा गांव में जाकर संपर्क करते हुए प्रचार प्रसार कर लोगों को आमंत्रित किया गया। संध्याकालीन दीप यज्ञ के माध्यम से गायत्री माता, गुरुजी एवं माता तथा शांतिकुंज का संदेश सुनाया गया। साथ ही नशामुक्ति अभियान चलाकर डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाकर लोगों को नशा त्यागने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में करण बरिहा, विजय भारती, देव सिंह दीवान, परमानंद दीवान, रथराम साहू, तुलसीराम यादव, नारायण सिंह ठाकुर, दिलीप चंद्राकर, यशोदा दीवान एवं आसपास के परिजन उपस्थित थे। महासमुंद शक्तिपीठ से भरत चौहान, धनवंतरी सिंह, विश्राम साहू, महाराज साहू, नरेश साहू, ओमप्रकाश, धनीराम, भूखन आदि उपस्थित रहे।

# राजनीति में स्थापित होने गलत तथ्यों का ले रहे सहारा ले रहे पूर्व विधायक : चोपड़ा



**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा ने कांग्रेस के पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर पर लगातार गलत बयानबाजी कर भाजपा शासन को बदनाम करने एवं अपनी नाकामी छुपाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि समोदा-अछोला परियोजना को अपनी सफलता बताना उनके सफेद झूठ की रणनीति को उजागर करता है। समोदा-अछोला पेयजल परियोजना मेरी कल्पना और प्रयासों का परिणाम है। अपने विधायिकी कार्यकाल में समोदा बांध से सिंचाई विभाग से इस योजना के लिए पानी की उपलब्धता करने के साथ-साथ इसके प्राक्कलन का कार्य पूर्ण कराकर इस योजना को बजट में जुड़वाया गया एवं लगातार इस योजना की वित्तीय स्वीकृति के लिए प्रयासरत रहा। जैसे ही केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना प्रारंभ हुई, इसे उसमें शामिल कराकर केंद्र सरकार के मद से इस कार्य की स्वीकृति मिली। इसके लिए लगातार मैं अनेक बार पीएचई विभाग से संपर्क करता रहा। अंततः केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन के अंतर्गत योजना को स्वीकृति मिली। यह योजना घोड़ारी से लेकर सिरपुर क्षेत्र तक के अनेकों गांवों के लिए जीवन दायिनी योजना होगी।

### 20 गांवों में बनाई गई है योजना

डॉ. चोपड़ा ने कहा कि इसी प्रकार की योजना कोडार से 20 गांव के लिए बनाई गई है। जिसमें बेमचा, परसदा, नवापारा, बनसिवनी, कौंदकेरा, चोरभट्ठी, सोरिद, लोहारडीह आदि गांव शामिल है। जहां गर्मियों में बोर सूख जाने पर कोडार के पानी का उपयोग टंकियां के भरने के लिए किया जाएगा। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि देखने में समझ आ रहा है कि पूर्व विधायक विनोद लगातार उल-जलूल बयान देकर भाजपा सरकार को बदनाम करने की असफल कोशिश के साथ-साथ अपनी विश्वसनियता भी समाप्त कर रहे हैं।

# दक्षता प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए आचार्य व दीदी

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित प्रांतीय आचार्य दक्षता प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन सत्र संपन्न हुआ। दक्षता प्रशिक्षण वर्ग में पूरे प्रदेश के चयनित 46 आचार्य दीदी सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण के सफल संचालन के लिए 10 आचार्य दीदी प्रशिक्षक के रूप में आए हैं। दक्षता प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में निखिलेश माहेश्वरी संगठन मंत्री विद्या भारती मध्यभारत प्रांत, डॉ. देवनारायण साहू संगठन मंत्री छत्तीसगढ़ प्रांत, विवेक सक्सेना प्रादेशिक सचिव सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर, भूपेंद्र राठौर व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर महासमुंद, घनश्याम सोनी अध्यक्ष आदर्श शिक्षा मंडल महासमुंद ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पण, तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। पश्चात विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर द्वारा सभी अतिथियों का श्रीफल से स्वागत किया गया। विद्या भारती के पांच आधारभूत विषय शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, संगीत शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के माध्यम से बालक के पंचकोषों का विकास होता है, इस पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि निखिलेश माहेश्वरी ने आचार्य दीदी को विस्तृत जानकारी प्रदान किया। इस प्रशिक्षण वर्ग में भारतीय शिक्षा पद्धति, भारत की गौरवशाली इतिहास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। विषयों के प्रशिक्षण के साथ योग, व्यायाम, शारीरिक, नैतिक शिक्षा भी दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 17 मई से 28 मई तक चलेगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है। विद्यालय में अध्ययन भैया बहन के गुणात्मक विकास हो सके। इस प्रशिक्षण वर्ग में विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, गौरी शंकर कटकवार प्रांत प्रमुख छत्तीसगढ़, मानिकलाल साहू प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख छत्तीसगढ़, क्षेत्रीय कार्यकर्ता एवं स्थानीय विद्यालय के दीदी आचार्य उपस्थित रहे।







